Fourteenth Loksabha

Session : 9
Date : 04-12-2006

Participants : Patil Adv. Tukaram Ganpatrao Renge

an>

Title: Need to establish cotton based industries in Marathwada region of Maharashtra.

श्री तुकाराम गणपतराव रेंगे पाटील (परभनी) : महोदय, महाराट्र का मराठावाड का पूरा क्षेत्र अत्यंत पिछड़ा है। यहां पर कपास की फसल विशेा रूप से बोई जाती है और यहां का किसान परिवार पूरी तरह से कपास की खेती पर निर्भर करता है। कड़ी मेहनत एवं प्राकृतिक आपदा का सामना करने के बाद भी कपास पैदा करने वाले किसानों को उनकी फसल का उचित मूल्य नहीं मिल पा रहा है जिसके कारण किसान आत्महत्या की ओर प्रेरित हो रहे हैं और कई किसानों ने आत्महत्या भी की है। अगर मराठावाड में कपास पर आधारित उद्योगों की स्थापना में सहायता करने का कोई अभियान शुरू किया जाए और केन्द्र स्तर पर कोई मदद और पैकेज दिया जाए तो कपास का मूल्य किसानों को अच्छा मिल पाएगा और किसान आत्महत्या के लिए मजबूर भी नहीं होगा। साथ ही साथ इस पिछड़े क्षेत्र में उद्योग लगने से बेरोजगार लोगों को रोजगार भी मिलने में मदद मिलेगी।

सदन के माध्यम से सरकार के अनुरोध है कि मराठावाड क्षेत्र में कपास पर आधारित उद्योग की स्थापना करने हेतु केन्द्र स्तर पर प्रयास और सहायता की जाए।